# शासकीय निर्देशों के पालन में लापरवाही न हो -नगर आयुक्त

## नगर में चलाया गया विशेष सफाई अभियान



शाहजहांपुर, 05 जुलाई (तरुणमित्र)। शासन द्वारा दिये गये निर्देशों के अनुपालन में नगर आयुक्त के निर्देष पर नोवेल कोरोना वायरस-19 तथा जे0ई0/ए0ई0एस एवं अन्य वैक्टरजनित रोगो की रोकथाम एवं प्रभावी नियंत्रण हेतु 01 जुलाई से 31 जुलाई तक चलने वाले संचारी रोग नियत्रंण अभियान के अन्तर्गत रविवार एवं सोमवार को नगर के विभिन्न क्षेत्रों में विषेश सफाई अभियान चलाया गया। नगर आयुक्त संतोश कुमार षर्मा के निर्देष पर नगर में आमजन को विभिन्न प्रकर की बीमारियों से बचाने के उद्देष्य से नगर निगम, षाहजहॉपरु द्वारा नगर क्षेत्र में संचारी रोग नियत्रंण अभियान चलाया जा रहा है, जिससे नगर में सफाई व्यवस्था और अधिक बेहतर व नगर को एक अच्छा वातावरण मिल सकें। साथ ही नगर आयुक्त संतोश कुमार षर्मा के निर्देष पर संचारी रोग नियत्रंण अभियान के अन्तर्गत नोवेल कोरोना वायरस-19 तथा जे0ई0/ए0ई0एस एवं अन्य वैक्टरजनित रोगो की रोकथाम एवं प्रभावी नियंत्रण हेतु एवं नगर में सफाई व्यवस्था को और अधिक सुदृढ किये जाने हेतु नगर निगम से सहायक नगर आयुक्त एवं अवर अभियंताओ व समस्त सफाई एवं खाद्य निरीक्षकों को नोडल अधिकारी व सहायक नोडल अधिकारी नामित किया गया है।

नगर आयुक्त द्वारा सभी नोडल अधिकारियो/ सहायक नोडल अधिकारियों व कर्मचारियों को निर्देषित किया गया कि अपने आवंटित वार्ड की सफाई कार्य में अपनी सुरक्षा हेतु हाथ धोने, सेनेटाइजेषन और 02 गज दूरी बनाये रखने हेतु लोगो को जागरूक करते रहे। नगर आयुक्त संतोश कुमार शर्मा द्वारा समस्त सफाई एवं खाद्य निरीक्षकों को निर्देषित किया गया है कि इस अभियान के अन्तर्गत होने वाले किसी भी कार्य में किसी प्रकार की लापरवाही न की जायें। दिये गये निर्देषों के अनुपालन में समस्त सफाई एवं खाद्य निरीक्षकों द्वारा अपने-अपने क्षेत्रों में रोस्टर के अनुसार विषेश सफाई अभियान, सेनेटाइजेशन का कार्य, एण्टीलार्वा का छिड़काव एवं फागिंग का कार्य कराया गया।